# Fourteenth Loksabha

## Session : 6
## Date : 29-11-2005

**Participants : Kumar Shri Shailendra**

>

Title : Regarding acute shortage of LPG in the Country.

**श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल)** : माननीय अध्यक्ष जी, जैसा कि सर्वविदित है कि पूरे देश में एलपीजी, रसोई गैस की जबर्दस्त किल्लत हुई है। हमारे उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में साढ़े चार सौ से लेकर पांच सौ रुपये तक के सिलेंडर बिके हैं। दो सौ, ढाई सौ रुपये तक अधिक लेकर लोगों ने रसोई गैस सिलेंडर को ब्लैक में बेचा है। आपके माध्यम से मैं माननीय पेट्रोलियम मंत्री और भारत सरकार से मांग करता हूं कि एलपीजी रसोई गैस की चोरी और जमाखोरी को रोका जाए और घरेलू गैस की जितनी आवश्यकता है उसके मुताबिक लोगों को रसोई गैस मुहैया कराई जाए, ताकि सामान्य जन रसोई गैस का उपभोग कर सकें।

जहां तक जमाखोरी और चोरबाजारी का सवाल है तो जयपुर के समाचार पत्रों में आया है कि देश के बहुत से इलाके ऐसे हैं जहां कमर्शियल यूज की एलपीजी की जमाखोरी हो रही है, उन जमाखोरो पर सरकार छापामारी करे और केन्द्र सरकार और पेट्रोलियम मिनिस्ट्री इस ओर ध्यान दे ताकि संपूर्ण भारत में एलपीजी गैस जरुरत के मुताबिक जन-सामान्य को मुहैया हो सके।

MR. SPEAKER: Yogi Aditya Nath, please associate briefly.